## महत्वपूर्ण एवं खास

### सड़क दुर्घटना में घायल की अस्पताल में एम्बुलेंस की ठोकर से हुई मौत

**कोंडागांव (आरएनएस)।** जिले के फरसगांव थाना क्षेत्र अंतर्गत पासंगी पेट्रोल पंप के पास दो बाइकों के आपस में टकराने से मेहर पांडे घायल हो गया, मौके पर मौजूद लोगों की मदद से घायल को फरसगांव सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। यहां उसकी हालत को देखते हुए डॉक्टरों ने प्राथमिक उपचार के बाद उसे जिला अस्पताल रेफर कर दिया। घायल मेहर सिंह को डायल 108 की एम्बुलेंस उसे जिला अस्पताल लेकर पहुंची। यहां मेहर को अस्पताल के भीतर ले जाने के लिए एम्बुलेंस से उतारा जा रहा था। इसी दौरान डायल 108 के पायलेट ने एम्बुलेंस को रिवर्स चला दिया। इससे मेहर सिंह एम्बुलेंस के पिछले चक्के दब गया। इसके बाद उसे आनन-फानन में अस्पताल के भीतर ले जाकर इलाज किया गया। लेकिन डॉक्टर उसकी जान नहीं बचा सके। मृतक मेहर की पत्नी कमलेश्वरी पांडे पूरी घटना की जानकारी अपने अन्य परिजनों को दी। परिजनों का आरोप है कि डायल 108 के पायलट की लापरवाही से मेहर की जान गई है। परिजनों की शिकायत पर पुलिस मामले को संज्ञान में लेकर जांच कर रही है।

### स्कार्पियों-बाइक में भिड़ंत, युवक का पैर सिटी बस के पहिए में फंसा

**कोरबा (आरएनएस)।** कटघोरा नगर में बीती शाम एक बड़ी दुर्घटना घटी। जिसमे कटघोरा के एक बाइक सवार युवक हितेश कुमार महंत पिता कमलेश महंत व एक स्कार्पियो में आमने सामने की जोरदार भिड़ंत हुई जिसमें बाइक सवार युवक रितेश कुमार महंत कोरबा की ओर से आ रही सिटी बस के नीचे जा घुसा और उसका एक पैर सिटी बस के पहिये में फंस गया। यह घटना कटघोरा थाना के सामने घटित हुआ। घटना की जानकारी होने पर कटघोरा थाना प्रभारी अश्विन राठौर व पुलिस की टीम तत्काल मौके पर पहुंची और आस-पास हो चुकी भीड़ को शांत कराते हुए वहां उपस्थित कुछ लोगों की मदद से पुलिस ने सिटी बस में फंसे हुए जेसीबी की मदद से हितेश के पैर को घण्टे भर के रेस्क्यू के बाद बाहर निकाला, इस घटना में हितेश कुमार महंत के पैर में गंभीर चोट आई है। जिसे थाना प्रभारी ने तत्काल डायल 112 की मदद से नजदीकी अस्पताल कटघोरा सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया जहां उनका प्राथमिक उपचार जारी है। फिलहाल कटघोरा पुलिस ने घटना के मामला दर्ज कर विवेचना में जुट गई है।

### टेबलेट आपूर्ति के नाम पर व्यापारी से एक लाख 40 हजार रुपए की ठगी

**कोरबा (आरएनएस)।** 10 लर्निंग टैबलेट के लिए एक लाख 42 हजार रुपये एडवांस देने के बाद भी व्यापारी को सामना नहीं मिला और नहीं ही राशि लौटाई गई। इसकी शिकायत पर पुलिस ने आरोपितों के खिलाफ मामला दर्ज किया है। पुलिस सूत्रों के अनुसार एनटीपीसी दर्री निवासी राकेश अग्रवाल टीपी नगर कोरबा में शारदा कंप्यूटर्स का संचालन करते हैं। उन्होंने थाने में शिकायत की है कि वर्ष 2019 में बेसिक फस्ट लर्निंग ओपीसी प्राइवेट लिमिटेड पहली मंजिल मकान नंबर 463-ए अशोकनगर रांची झारखंड की ओर से सीनियर मैनेजर नवीन डे दुकान आए। उन्होंने अपनी कंपनी के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि कंपनी आनलाइन लर्निंग टैबलेट बिक्री करती है, यदि कंपनी का टैबलेट अपने दुकान के माध्यम से बिक्री करेंगे या फ्रेंचाइजी लेंगे तो प्रति टैबलेट का 15 प्रतिशत राशि कमीशन दिया जाएगा। उनके कहे अनुसार टैबलेट लेने के लिए 23 सितंबर 2019 को अपने फर्म के भारतीय स्टेट बैंक खाता से आनलाइन नेट बैंकिंग के माध्यम से बेसिक फस्ट लर्निंग के पंजाब नेशनल बैंक खाता में एक लाख 42 हजार रुपये जमा करा दिए। रकम जमा करने के बाद 10 लर्निंग टेबलेट प्रदान करने के लिए कंपनी के संचालक रणधीर कुमार प्रियदर्शी, प्रिया कुमारी, अरुण नारंग व नवीन डे द्वारा लगातार टाल मटोल किया जा रहा है। कंपनी द्वारा अब तक एक भी टैबलेट प्रदान नहीं किया गया है। शिकायत पर पुलिस ने मामला पंजीबद्ध कर विवेचना शुरू कर दी है।

# वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा के किए गए हैं व्यापक प्रबंध

**अग्नि सुरक्षा हेतु कंट्रोल रूम स्थापित : टॉल फ्री नम्बर कोई भी व्यक्ति दे सकते हैं सूचना**



**रायपुर।** वनों को अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। इसके मद्देनजर वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री मोहम्मद अकबर के मार्गदर्शन में विभाग द्वारा प्रदेश के वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा हेतु व्यापक प्रबंध किए गए हैं। इसके तहत आगामी 15 जून 2023 तक वनों को अग्नि से बचाव वन विभाग की प्राथमिकता में है।

वन विभाग द्वारा इसके अंतर्गत प्रधान मुख्य वन संरक्षक कार्यालय अरण्य भवन रायपुर में कन्ट्रोल रूम में टॉल फ्री नम्बर 18002337000 स्थापित किया गया है, जिस पर कोई भी व्यक्ति अग्नि घटनाओं की सूचना दे सकते हैं। इसी तरह समस्त वनमंडलों में भी वनमंडल कार्यालयों में अग्नि सुरक्षा हेतु कन्ट्रोल रूम स्थापित किया गया है, जहां से अग्नि घटनाओं की सतत् निगरानी की जा रही है।

वन विभाग से प्राप्त जानकारी के अनुसार अग्नि सीजन 15 फरवरी से प्रारंभ हो गया है तथा 15 जून 2023 तक वनों को अग्नि से बचाना विभाग की प्राथमिकता में है। अग्नि से जहां एक ओर प्राकृतिक पुनरूत्पादन के पौधे नष्ट हो जाते हैं वहीं दूसरी ओर वृक्षों की काष्ठ की गुणवत्ता भी प्रभावित होती है। अतएव वनों को अग्नि से बचाव अत्यंत आवश्यक है। अग्नि सुरक्षा हेतु समस्त वनमंडलों में अग्नि रेखाओं की कटाई, सफाई, जलाई की जा चुकी है। वन क्षेत्रों में अग्नि से सुरक्षा हेतु कैम्पा मद से समस्त बीटों में एक-एक अग्नि रक्षक की नियुक्ति की गई है। वनों में लगने वाली आग को बुझाने हेतु कर्मचारियों को आधुनिक उपकरण फायर ब्लोअर उपलब्ध कराया गया है।

इसी तरह फॉरेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफएसआई) से फायर एलर्ट रजिस्टर कराए गए हैं। कर्मचारियों के मोबाइल नम्बरों पर एसएमएस के माध्यम से अग्नि घटना स्थल का जीपीएस निर्देशांक सीधे प्राप्त होता है। इस सूचना का उपयोग अग्नि नियंत्रण में प्रभावी रूप से किया जा रहा है। एफएमआईएस अरण्य भवन रायपुर द्वारा भी प्रतिदिन समस्त अधिकारियों, कर्मचारियों को एसएमएस के माध्यम से अग्नि घटना स्थल का जीपीएस निर्देशांक सूचित किया जा रहा है। प्रधान मुख्य वन संरक्षक एवं वन बल प्रमुख संजय शुक्ला द्वारा विभाग के समस्त अधिकारियों को अग्नि सुरक्षा हेतु आवश्यक निर्देश दिए गए हैं।

इसके तहत उन्होंने निर्देशित किया है कि समस्त अधिकारी, कर्मचारी एवं वन सुरक्षा समितियां, वन सुरक्षा श्रमिक, लगाये गये अग्नि प्रहरी वनों की अग्नि से सुरक्षा हेतु सतत् रूप से निरंतर सक्रिय रहेंगे। सुरक्षा में लगे अग्नि प्रहरियों तथा सुरक्षा श्रमिकों को वनक्षेत्रों में जहां कहीं भी अग्नि या धुंआ दृष्टिगोचर हो तत्परता से वहां पहुंच कर सुलग रही अग्नि को तत्काल बुझाने की कार्यवाही सुनिश्चित करें। वन प्रबंधन समितियों को वनों की अग्नि सुरक्षा में सक्रिय जवाबदारी दी जाये। (फारेस्ट सर्वे ऑफ इंडिया (एफसीआई) देहरादून एवं एफएमआईएस अरण्य भवन रायपुर से प्राप्त अग्नि स्थलो की सूचना के आधार पर तत्काल अग्नि स्थल का निरीक्षण कर आग को बुझाया जाये। आमजनों के बीच वनों की अग्नि से सुरक्षा का व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाये। यह ध्यान में रखें कि लोगों की जागरूकता अग्नि सुरक्षा में महत्वपूर्ण भूमिका निभा सकती है।

उन्होंने निर्देशित किया है यदि कतिपय प्रकरणों में ऐसा पाया जाता है कि वन क्षेत्रों में आग जानबूझकर अथवा शिकार करने के उद्देश्य से लगाई गई है तो अपराधी का पता लगाकर सम्यक विधिक कार्यवाही कर प्रकरण न्यायालय में प्रस्तुत किया जाये। तेंदूपत्ता संग्रहण सीजन 2023 में शाखाकर्तन तथा तेंदूपत्ता संग्रहण के दौरान फड़ो के वनक्षेत्रों में अग्नि घटनाऐं होने पर क्रेता करारनामा की शर्तों के तहत कार्यवाही की जाये। इस वर्ष अग्नि प्रकरणों की संख्या एवं अग्नि से प्रभावित रकबे को न्यूनतम रखने का पूर्ण प्रयास किया जाये।

## मौत का कुआं हादसे में फोरेंसिक रिपोर्ट में अज्ञात वाहन से टक्कर मारने का हुआ खुलासा

**पुलिस ने कार को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध किया**

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में 10 दिसंबर 2022 की रात सिंगारभाट के पास एक कार गायब हो गई थी, घटना के दो दिन बाद 12 दिसंबर को कार बिना मुंडेर वाले कुएं में मिली थी, इस दर्दनाक दुर्घटना में सभी कार सवार के डूबने से मौत हो गई थी। उक्त मौत का कुआं हादसे में फोरेंसिक रिपोर्ट आने के बाद एक नया मोड़ सामने आ गया है। पहले कयास लगाए जा रहे थे, कि टायर फटने की वजह से कार बिना मुंडेर वाले कुंए में गिरी होगी, लेकिन आज पुलिस को मिली फोरेंसिक रिपोर्ट में कार को किसी अज्ञात वाहन से टक्कर मारने का खुलासा हुआ है।

प्राप्त जानकारी के अनुसार 10 दिसंबर 2022 की रात सिंगारभाट के पास से कार गायब हो गई थी, घटना के दो दिन बाद 12 दिसंबर को कार नेशनल हाईवे किनारे एक बिना मुंडेर वाले कुएं में मिली थी। डूबने से सभी कार सवार की मौत हो गई थी। मामला सामने आने के बाद से हादसे को लेकर तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे थे। जिसमें सामने से आ रहे गाड़ी की लाइट से आंख चौंधियाने से कार से नियंत्रण खोने के अलावा तेज गति होने के कारण कार अनियंत्रित होने की आशंका जताई जा रही थी। मामले में जांच कर रही पुलिस को फोरेंसिक रिपोर्ट मिली है, जिसमें चौंकाने वाला खुलासा हुआ है। फोरेंसिक रिपोर्ट में खुलासा हुआ है कि कार का पिछला हिस्सा क्षतिग्रस्त है। इसकी बारीकी से पड़ताल करने पर पता चला कार को किसी अन्य गाड़ी ने पीछे से टक्कर मारी है, जिससे कार का पिछला हिस्सा चपटा हो गया और उसकी डिक्की भी खुल गई, टक्कर के बाद कार कुएं में गिर गई। कुएं में पानी व कचरा होने और कार में सवार लोगों को मदद नहीं मिलने से उनकी डूबने से मौत हो गई।



टीआई शरद दुबे ने बताया कि एफएसएल की रिपोर्ट के बाद कार को टक्कर मारने वाले अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ अपराध पंजीबद्ध कर आरोपी की तलाश जारी है। उन्होने बताया कि रात में हुए इस हादसे का कोई प्रत्यक्षदर्शी नहीं है, अज्ञात आरोपी तक पहुंचने पुलिस अब आस-पास के सीसीटीवी कैमरों को खंगालेगी, हालांकि पहले भी फुटेज निकाले गए थे, लेकिन तब कार के पीछे चलने वाले गाड़ियों की जांच नहीं की गई थी, अब इस दिशा में फिर से जांच शुरू होगी।

## दो बाइक टकराए : दो महिलाओं और 3 माह का बच्चा सड़क पर गिरा, सभी की हालत गंभीर

**कोटा (आरएनएस)।** छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले में एक बाइक सवार ने लापरवाही पूर्वक वाहन चलाते हुए दूसरे बाइक सवार को टक्कर मार दी। इससे मोटरसाइकिल में सवार दो महिला सहित 3 माह का बच्चा सडक़ पर गिर गए।

घटना में तीनों को गंभीर चोटें आई है। दुर्घटना की सूचना डायल 112 को मिलते ही तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और सभी घायलों को इलाज के लिए अस्पताल में भर्ती कराया। हादसा कोटा-रतनपुर मार्ग के इंटरनेशनल ढाबा के आगे हुआ। मामला कोटा थाना क्षेत्र का है।

**शादी में गए थे सभी**

मिली जानकारी के अनुसार, ग्राम करही निवासी 55 वर्षीय हर कुँवर मधुकर, ग्राम पोड़ी निवासी 35 वर्षीय प्रमिला कुर्रे और उसका तीन माह का बेटा अभिषेक कुर्रे बाइक में सवार होकर शुक्रवार को रतनपुर में मुख्यमंत्री कन्या विवाह योजना के शादी कार्यक्रम में गए थे। वहां से जब यह लोग वापस ग्राम पोड़ी जा रहे थे, इसी दौरान अज्ञात बाइक चालक ने लापरवाही पूर्वक गाड़ी चलाते हुए इन्हें टक्कर मारकर घटनास्थल से फरार हो गया।

## पानीडोबीर के जंगल से 3 नक्सली गिरफ्तार

**कांकेर (आरएनएस)।** जिले में चलाये जा रहे नक्सल उन्मूलन अभियान के तहत रविवार को नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए डुट्टा, जुंगड़ा, चिलपरस, पानीडोबीर इलाके की ओर निकली जवानो की टीम ने 03 नसलियो समुंद्र उर्फ सुमन सिंह आंचला पिता स्व. सुक्कु आंचला, संजय कुमार उसेण्डी पिता देवनू राम उसेण्डी एवं परसराम धनगुल पिता स्व. मेहत्तर राम धनगुल, तीनों निवासी तुलबेड़ा पानीडोबीर को गिरफ्तार किया है, तीनो नक्सलियों पर आईईडी विस्फोट, सडक़ निर्माण में लगे वाहनो में आगजनी, मारपीट जैसे गंभीर अपराध दर्ज है।

अंतागढ़ के एडिशनल एसपी खोमन सिन्हा बताया कि रविवार को नक्सलियों के मौजूदगी की सूचना पर पुलिस की टीम नक्सल गस्त सर्चिंग के लिए डुट्टा, जुंगड़ा, चिलपरस, पानीडोबीर इलाके की ओर निकली थी, जवानो की टीम जंगलों के बीच आगे बढ़ रही थी इसी दौरान तीन संदिग्ध सुगंद उर्फ सुमन आंवला, संजय उसेण्डी, परसराम धनगुल जवानों को देख छुपकर भागते हुए दिखे जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ गया, पूछताछ में तीनों ने नक्सली संगठन के सक्रिय सदस्य के रूप में कार्य करना बताया,आपराधिक जांच में नक्सलियों के साथ मिलकर आगजनी,आईईडी विस्फोट,मारपीट जैसे मामले दर्ज होना भी पाया गया है। पुलिस ने तीनों को गिरफ्तार नक्सलियों पर कार्यवाही उपरांत आज न्यायिक रिमांड पर भेजा गया है।



## बलरामपुर में कृषि और उद्योग मंत्री ने किया सेहत बाजार मिलेट कैफे का लोकार्पण

**रायपुर (आरएनएस)।** बलरामपुर जिला मुख्यालय में मिलेट कैफे का कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे और उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने संयुक्त रूप से किया। उद्योग मंत्री ने इस अवसर पर लोगों आग्रह पर मिलेट कैफे में रागी का डोसा बना कर लोगों का दिल जीत लिया। कृषि मंत्री रविन्द्र चौबे ने लोकार्पण कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि बलरामपुर के थालियों में अब स्वाद के साथ-साथ पौष्टिकयुक्त मिलेट भी परोसना शुरू हो जाएगा। उन्होंने सरगुजा संभाग का पहला सेहत बाजार खुलने पर लोगों को बधाई दी।

इस मौके पर मंत्री द्वय चौबे और लखमा ने मिलेट कैफे में तैयार किये गए व्यंजनों का लुप्त उठाया। इस मौके पर मंत्रीगणों ने सुराजी गांव योजना के तहत जिले के बडक़ीमहरी में गोबर से निर्मित पेंट यूनिट का लोकार्पण किया। बलरामपुर शहरी गौठान में संचालित इस गोबर पेंट यूनिट में तीन महिला स्व सहायता समूह की 30 महिलाएं शामिल है। इस यूनिट से प्रतिदिन 800 लीटर पेंट का निर्माण होगा। जिले के पहले पेंट यूनिट का गोबर पेंट ग्रीन अर्थ एन्ड ग्रीन फुट पेंट (एएलएफ) के नाम से मार्केट में उपलब्ध रहेगी। गौरतलब है कि बलरामपुर जिला जिला प्रशासन द्वारा लोगों को आकर्षित और मिलेट के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मिलेट कैफे का नाम सेहत बाजार के रूप में रखा गया है। इसके लिए मंत्री चौबे ने कलेक्टर की प्रशंसा की।

मंत्री चौबे ने कहा कि वर्तमान भागदौड़ भरी जिंदगी में हम सब की थालियों से पौष्टिकता कब गायब होती जा रही है, हमें पता ही नहीं चला रहा है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की दूरदृष्टि सोच से राज्य सरकार मिलेट मिशन योजना प्रारंभ की है। योजना के तहत बलरामपुर जिले में खोला गया यह सेहत बाजार लोगों के स्वास्थ और सेहत के लिए एक अनुभव पहल है। उद्योग मंत्री कवासी लखमा ने इस मौके पर मिलेट कैफे में रागी का डोसा तैयार कर लोगों का दिल जीत लिया।

बलरामपुर जिले की इस सेहत बाजार की खासियत है कि यहां रागी और कोदो निर्मित रागी का डुस्का, इडली, दही बड़ा, सांभर बड़ा, रागी के लड्डू, रागी के कुकीज, कोदो की खीर व सिंघाड़े का हलवा जैसे व्यंजन उपलब्ध है। सेहत बाजार का संचालन राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (बिहान) की माँ महामाया महिला स्व सहायता समूह की महिलाओं के द्वारा किया जा रहा है। गौरतलब है कि छत्तीसगढ़ में महिला स्वरोजगार और उद्यमिता को बढ़ावा देने के लिए महिला समूहों के माध्यम से मिलेट्स पर आधारित मिलेट मिशन योजना का क्रियान्वयन किया जा रहा है।

## बैगा समुदाय की महिलाओं ने देखा दिल्ली का अमृत उद्यान

**राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से महिला समूह ने की मुलाकात**

**राष्ट्रपति मुर्मू ने कहा छत्तीसगढ़िया सबले बढ़िया**



**रायपुर (आरएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू से नई दिल्ली स्थित अमृत उद्यान में कबीरधाम जिले के विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं ने सौजन्य मुलाकात की और उन्हें बिरन माला भेंट की। राष्ट्रपति मुर्मू ने छत्तीसगढिय़ा सबले बढिय़ा सम्बोधित कर महिलाओं का मनोबल बढ़ाया।

गौरतलब है कि कबीरधाम जिले के बैगा समुदाय की महिलाओं का स्व-सहायता समूह अमृत उद्यान के भ्रमण के लिए इन दिनो नई दिल्ली प्रवास पर थी। देशभर की अलग-अलग क्षेत्रों से आने वाले लोगों के लिए 28 से 31 मार्च तक अमृत उद्यान दर्शन के लिए खोला गया था। कबीरधाम जिलें के पंडरिया विकासखण्ड के विभिन्न ग्रामों के बैगा समुदाय की महिलाओं ने आजादी के 75 वर्ष पूर्ण होने और आजादी के अमृत वर्ष में तैयार किए गए अमृत उद्यान का 31 मार्च 2023 को भ्रमण किया। राष्ट्रपति भवन स्थित इस उद्यान में कबीरधाम सहित दो अन्य जिले कोरबा और गरियाबंद की महिलाओं ने भी राष्ट्रपति से मुलाकात की।

छत्तीसगढ़ के महिला समूहों की सदस्यों ने बताया कि राष्ट्रपति भवन के अमृत उद्यान का भ्रमण एवं राष्ट्रपति से हुई मुलाकात से न केवल समूह का सम्मान बढ़ा बल्कि जिले के लिए भी गौरव का विषय है इससे उन्हें नई ऊर्जा मिली है। कबीरधाम जिले से पंडरिया विकासखंड के अंतर्गत विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय की महिलाओं में धनमत, दशमी बाई, लक्ष्मीया, इंद्रावती, रामकली, फूलबत्ती, चंपा बैगा, बिंदा, पार्वती एवं सावनी बाई शामिल थी। राज्य शासन से प्राप्त निर्देशानुसार कबीरधाम जिले के पंडरिया विकासखण्ड के अंतर्गत कार्यरत स्व-सहायता समूह के सदस्यों को नई दिल्ली राष्ट्रपति भवन में अमृत उद्यान दर्शन के लिए भेजा गया था। सभी महिलाएं विशेष पिछड़ी जनजाति बैगा समुदाय से संबंधित थी।

## सारंगढ़ जनपद के 67 आवेदकों ने बेरोजगारी भत्ता का आवेदन किया

**सारंगढ़ बिलाईगढ़।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल की नवीन बेरोजगारी भत्ता योजना के सफल क्रियान्वयन जिले में प्रगति पर है। जनपद पंचायत सारंगढ़ के ग्राम पंचायतों के 67 आवेदकों ने बेरोजगारी भत्ता योजना का आवेदन पूर्ण किया है।

उल्लेखनीय है कि बेरोज़गारी भत्ता प्राप्त करने के लिये रोज़गार कार्यालय में नया पंजीयन कराने की आवश्यकता नही है। बेरोजगारी भत्ते की पात्रता केवल उन्हीं व्यक्तियों को है जिनका पंजीयन कम से कम 2 वर्ष पुराना है। नया पंजीयन कराने वालों को बेरोजगारी भत्ते की पात्रता नही है। पंजीयन के लिये रोज़गार कार्यालय आने की आवश्यकता नही है। ऑन लाइन पंजीयन पोर्टल पर घर बैठे किया जा सकता है। 3 वर्ष पुराने पंजीयन का नवीनीकरण अंतिम तारीख बीत जाने के बाद भी 2 माह के भीतर कभी भी कराया जा सकता है, इसलिये नवीनीकरण के लिये भी किसी प्रकार की जल्दीबाज़ी करने की आवश्यकता नही है। बेरोजगारी भत्ते के लिये आवेदन का ऑन-लाइन पोर्टल 1 अप्रेल से खुल गया है।आवेदन किसी भी स्थान से ऑन लाइन पोर्टल पर किया जा सकता है। चॉइस सेंटरों पर भी आवेदन किया जा सकता है। इस पोर्टल का यू. आर. एल. http://berojgaribhatta.cg.nic.in/PrintEmplCard.aspx. है।

सभी आवेदकों को सलाह दी जाती है कि आवेदन का फार्म भरने के पूर्व वे एक वर्ष के भीतर का आय प्रमाणपत्र, मूल निवासी प्रमाणपत्र, कक्षा दसवीं की मार्कशीट या प्रमाणपत्र जिसमें जन्मतिथि लिखी हो, कक्षा 12 वीं की मार्क शीट या प्रमाणपत्र, आधार कार्ड, पासपोर्ट साइज़ फोटो एवं रोज़गार पंजीयन कार्ड तैयार रखें। यह दस्तावेज़ आवेदन फार्म में अपलोड करने होंगे। आवेदन के बाद सभी आवेदकों को दस्तावेज़ों के भौतिक सत्यापन के लिये पहले से समय देकर बुलाया जायेगा। ग्रामीण क्षेत्रों में 3-5 पंचायतों, तथा नगरीय क्षेत्रों में 3-4 वार्डो के समूह के क्लस्टर बनाया गया है। दस्तावेजों का सत्यापन इन क्लस्टरों में किया जायेगा, जिससे किसी भी आवेदक को दस्तावेज़ सत्यापन के लिये अपने घर से दूर न जाना पड़े. सत्यापन स्थल पर आवेदकों के बैठने, आदि की अच्छी व्यवस्था होगी। सत्यापन के लिये पर्याप्त संख्या में अधिकारियों की टीमें भी उपलब्ध रहेगी।

आवेदन पत्र में आवेदक के बैंक खाते की जानकारी ली जा रही है, जिसका सत्यापन बैंक मेनेजर से कराने के बाद बेरोज़गारी भत्ते की राशि आवेदक के बैंक खाते में प्रतिमाह सीधे भेजी जायेगी। आवेदक कृपया ध्यान रखकर अपने बैंक खाते की सही जानकारी भरें, जिससे उन्हें बेरोज़गारी भत्ता मिलने में कोई कठिनाई न हो। आवेदक को अपने ही बैंक खाते की जानकारी भरनी है, किसी अन्य व्यक्ति के बैंक खाते की नहीं, अन्यथा बैंक मैनेजर सत्यापन के समय बैंक खाते को गलत बतायेगा और बेरोज़गारी भत्ते की राशि उस खाते में अंतरित नही होगी। बेरोज़गारी भत्ते के आवेदन के लिये कोई अंतिम तिथि नहीं है, इसलिये किसी भी व्यक्ति को हड़बड़ी करने की आवश्यकता नही है। बेरोज़गारी भत्ते के आवेदन का पोर्टल लगातार खुला रहेगा और आवेदक किसी भी दिन किसी भी समय ऑनलाइन आवेदन कर सकेंगे।

SJU - Contact No. +91 9301915303 E-mail ID- sjunion29@gmail.com
Social Justice Union
Registered with Govt. No. 5526
Join SJU
अधिकार से न्याय तक
आवश्यकता
इस संघ का गठनसम्पूर्ण छत्तीसगढ़ में पीड़ितो को न्याय दिलाने के लिए किया गया है, जिसे छत्तीसगढ़ शासन से मान्यता प्राप्त है, जिसका क्रमांक 5526 है, तथा सम्पर्क हेतु नं0 9301915303 है। इस संघ के गठन पर संघ के संरक्षक एवं लीगल एडवाईज़र श्री तथागत श्रीवास्तव (अधिवक्ता, माननीय उच्च-न्यायालय), एवं गवर्निंग बोर्ड के सदस्यों कु0 सी.बी.वर्मा, श्रीमती ऐकता श्रीवास्तव, श्रीमती रजनी सकुन्दे एवं अन्य ने शासन को धन्यवाद ज्ञापित किया, और कहा कि संघ के पास सामाजिक अन्याय अथवा मानवाधिकार हनन सम्बंधी तथ्य के प्रस्तुत होने पर, उसे लिखित में शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन एवं सक्षम व्यक्तियों के समक्ष संघ की ओर से प्रस्तुत किया जावेगा। साथ ही, विधि, न्याय सम्बंधी कार्य हाथ में लेकर बेसहारा, गरीब, परित्यक्ता, विधवाओं के उत्थान के लिए कार्य किया जावेगा।
उद्देश्य एवं नियुक्तियां
मुख्य रूप से संघ का उद्देश्य छत्तीसगढ़ प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर में सामाजिक न्याय हेतु प्रचार-प्रसार करना, तथा मानवाधिकार हेतु जागरूकता पैदा करना है। संघ साक्षरता एवं अनौपचारिक शिक्षा के माध्यम से मानवाधिकार के सम्बंध में प्रचार प्रसार करना चाहता है। इस हेतु प्रदेश के समस्त जिलों एवं ब्लॉक स्तर पर सामाजिक न्याय एवं मानवाधिकार संरक्षण केन्द्र की स्थापना की जावेगी, और उनमें संघ के द्वारा आधिकारिक नियुक्तियाँ की जावेगी। प्रत्येक व्यक्ति इस संघ में सदस्य बन सकता है, जिसके लिए संघ के द्वारा निर्धारित नियम एवं शर्तो का पालन किया जाना अनिवार्य है। इस हेतु सदस्यता फार्म संघ के प्रधान कार्यालय में उपलब्ध है।
मुख्य बिन्दु
प्रताड़ित एवं पीड़ित व्यक्ति की समस्याओं को सुनना, आवेदन लेना तथा पीड़ित को न्याय दिलाने के लिए उचित साधन एवं संसाधनों की जरूरत के अनुसार व्यवस्था करना मूल रूप से इस संघ का कार्य है। पीड़ित व्यक्तियों को न्यायिक, गैर-न्यायिक एवं सामाजिक समस्या पर विधिनुसार एवं संविधान के अनुसार आवश्यक मदद की जावेगी।
पीड़ित संपर्क करें
संघ विशेष रूप से मानवाधिकार दिलाने एवं सामाजिक न्याय प्राप्ति हेतु पीड़ित मानव की हर संभव मदद करेगा तथा इस हेतु पीड़ित मानव के लिए भारतीय संविधान के तहत् विधिक सहायता की व्यवस्था आवश्यकतानुसार करेगा। यदि कोई पीड़ित है तो इस संघ से सम्पर्क कर सकता है।
अन्य बिन्दु
- संघ पर्यावरण संरक्षण एवं पर्यावरण सम्बंधी चेतना हेतु भी जागरूकता लाने का प्रयास करेगा।
- पूरे छत्तीसगढ़ प्रदेश मे महिलाओं के अधिकार, श्रमिकों के अधिकार, आदिवासियों के अधिकार, अनुसूचित जाति-जनजातियों के अधिकारों के सम्बंध में विधिक एवं संवैधानिक रीति के कार्यक्रमों को इस संघ द्वारा संचालित किया जावेगा तथा प्रत्येक पीड़ित को उसके कर्तव्यों एवं अधिकारों के बारे में सचेत किया जावेगा। न्याय प्राप्ति हेतु हर संभव मदद की जावेगी।
- संघ शासन से मान्यता प्राप्त है, अतः शासन एवं प्रशासन में विभिन्न पदों पर आसीन् तक पीड़ित की परेशानी को आसानी से पहुँचाया जा सकता है। इस हेतु संघ शासन एवं प्रशासन में विभिन्न महत्वपूर्ण पदों पर आसीन व्यक्तियों से मुलाकात कर पीड़ित को न्याय दिलाने में समस्त सहायता भी करेगा।
- संघ द्वारा संवैधानिक शिक्षा एवं सामाजिक विकास से सम्बंधित रिसर्च कार्यक्रम किए जावेंगे, एवं समान उद्देश्यों वाली अंर्तराष्ट्रीय, राष्ट्रीय, सरकारी तथा गैरसरकारी संस्थाओं के साथ मिलकर काम किया जावेगा।
- संघ सामाजिक कुरीतियों को दूर करने के लिए कार्यशाला का आयोजन भी करेगा। संघ देश के भूले बिसरे पर महान विभूतियों के सम्मान में कार्यक्रम भी आयोजित करायेगा।
पढ़िए .... न्यायसाक्षी समाचार-पत्र
:: Address ::
Behind Stadium
Near Career
School, Raigarh,
C.G.
Pin 496001
www.nyaysakshi.com
सभी से अपील की गई है कि ज्यादा से ज्यादा संख्या में संघ से जुड़कर साथ का साथ दिया जावे ताकि प्रत्येक पीड़ित मानव को न्याय मिल सके एवं एक अच्छे समाज का निर्माण हो सके।
Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU Join SJU